Seventeenth Loksabha

>

Title: Introduction of the Prohibition of Electronic Cigarettes (Production, Manufacture, Import, Export,Transport, Sale, Distribution, Storage and Advertisement) Bill, 2019.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE, MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF EARTH SCIENCES (DR. HARSH VARDHAN): I beg to move for leave to introduce a Bill to prohibit the production, manufacture, import, export, transport, sale, distribution, storage and advertisement of electronic cigarettes in the interest of public health to protect the people from harm and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

> "कि लोगों को जोखिम से संरक्षा प्रदान करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, भंडारण और विज्ञापन निषेध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

DR. HARSH VARDHAN:

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती प्रतिमा मण्डल ।

I introduce the Bill.

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं माननीय सदस्य लोगों से आग्रह करना चाहता हूं कि आज वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो रही है । इसलिए आज शून्य काल को नहीं ले रहे हैं ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, प्रदूषण पर हम लोग दो दिन से चर्चा कर रहे हैं, आज भी करेंगे । आप आगे कहेंगे, तो और हफ्ता भर करते रहेंगे, लेकिन हमारे दो-चार बिंदु हैं, उनको भी उठाने का मौका दीजिए । …(व्यवधान) सर, दो-चार मुद्दे हैं । …(व्यवधान) सर, छोटे-छोटे दो-तीन मुद्दे हैं । …(व्यवधान) सर, यह प्रदूषण तो चलता रहेगा । हम भी इसमें भाग लेंगे ।   दो दिन से चल रहा है, यह आगे भी चलेगा, हमें असुविधा नहीं है । उनको भी समय दीजिए और हमें भी दीजिए ।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Please listen to me for a minute. …(*Interruptions*) मेरा एक सजेशन है, पोल्यूशन के बारे में दो दिनों से डिस्कशन हो रही है । हम आपकी बात सुनते हैं लेकिन आप हमारी बात सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं । …(व्यवधान)   Hon. Minister is here. Let him reply. …(*Interruptions*) इसके बाद जीरो ऑवर ले लेंगे ।

श्री अधीर रंजन चौधरी : यह समय जीरो ऑवर का है और आप इसे इन्क्रोचमेंट कर रहे हैं ।

श्री प्रहलाद जोशी: महोदय, ऐसा तो बहुत बार चेंज हुआ है । …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : महोदय, हमारे एरिया में इन्क्रोचमेंट मत कीजिए । …(व्यवधान)

SHRI PRALHAD JOSHI: My request is that let the hon. Minister reply and after that -- before Private Member's Business it can be taken up. …(*Interruptions*)

श्री अधीर रंजन चौधरी : महोदय, इस चर्चा में हम भी भाग न लें ।

श्री प्रहलाद जोशी: महोदय, चर्चा तो हो गयी है, अब रिप्लाई का टाइम है । …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : महोदय, यह मौका छीना न जाए ।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बाबुल सुप्रियो): महोदय, मैं आपसे विनती करता हूं कि बंगाल के सारे सांसद यहां हैं । कल बहुत ही गंभीर घटना घटी है । …(व्यवधान) अनशन करते वक्त एक टीचर की मौत हो गई है, उसके बारे में बंगाल के सांसद दो शब्द बोलना चाहते हैं, अगर आप अनुमति दें ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य अगर अनुमति इधर होगी और तो अनुमति उधर भी होगी । पहले अनुमति इधर होगी उसके बाद उधर होगी ।

श्री बाबुल सुप्रियो: महोदय, आपको क्या प्रॉबल्म है दादा, आपके खिलाफ ही बोलना है । जरा बोलने दीजिए । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मंत्री जी आप बहस मत कीजिए । आप बैठिए । आप मंत्री है, सदन में बहस मत किया कीजिए । आप बैठ जाइए । शून्य काल में अगर कोई महत्वपूर्ण विषय है ।

…(व्यवधान)